# विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

| क्र0 सं0 | योजना / कार्यक्रम एवं सेवाएँ | योजना / कार्यक्रम / सेवाएँ के तहत् दी जाने वाली लाभ | व्यक्ति जिसे लाभ दिया जाता हो | स्वीकृति देने वाले पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01. | राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं का नामांकन / संकाय परिवर्तन / छात्रावास आदि | राज्य के सभी 38 जिलों में राजकीय अभियंत्रण संस्थान स्थापित है। जिनके द्वारा विहित प्रक्रिया के तहत् छात्र / छात्राओं का नामांकन संकाय आवंटन छात्रावास आवंटन किया जाता है। | संस्थान में पढ़ने वाले छात्र–छात्राएँ तथा शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी। | निदेशक एवं संस्थान के प्राचार्य |
| 02. | राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान / राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान, महिला औद्योगिक के छात्र–छात्राओं के नामांकन / संकाय परिवर्तन आदि एवं संस्थान के कर्मियों के संबंध में प्राप्त शिकायत | राज्य के सभी जिलों के सभी अनुमण्डल सहित कुल 46 राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में डिप्लोमा स्तर की शिक्षण कार्य किया जाता है। | संस्थान में पढ़ने वाले छात्र–छात्राएँ तथा शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी। | निदेशक एवं संस्थान के प्राचार्य |
| 03. | सरकारी नये संस्थानों को खोले जाने एवं उसकी स्वीकृति | राज्य में तकनीकी शिक्षा के उन्नयन एवं विकास हेतु सरकार के सात निश्चय–2 योजना के अन्तर्गत राज्य में उपमिशन ''अवसर बढ़े आगे पढ़े'' के तहत् सरकारी क्षेत्र में राज्य के सभी जिलों के लिए अभियंत्रण महाविद्यालय तथा अनुमंडल में पोलिटेकनिक संस्थान स्थापित किए जा चुके हैं। शिक्षण संस्थानों में एक तिहाई सीटों को छात्राओं के लिए आरक्षित किये जाने का प्रावधान किया गया है। | छात्र / छात्राएँ | निदेशक एवं संस्थान के प्राचार्य |
| 04. | अधिष्ठापित संस्थानों में शिक्षण व्यवस्था, रख रखाव, छात्रावास, पाठ्यक्रम आदि | तकनीकी शिक्षा एवं शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य में स्थापित एवं संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों तथा राज्य में स्थापित केन्द्रीय संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना(आई० आई० टी० पटना), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सस्थान पटना(एन० आई० टी० पटना) एवं इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी भागलपुर (आई० आई० टी० भागलपुर) के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है। तकनीकी एवं उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवता सुनिश्चित करने हेतु स्नातकोत्तर एवं शोध स्तर पर सहायता प्रदान किया जाता है। | छात्र / छात्राएँ | निदेशक एवं संस्थान के प्राचार्य |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 05. | बिहार कॉंसिल ऑन साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी, बिहार रिमोट सेंसिंग ऐप्लिकेशन सेंटर एवं इंदिरा गाँधी साईंस कम्प्लेक्स प्लैनेटोरियम | राज्य सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यकता डाटाबेस सेन्सिंग एप्लीकेशन सेन्टर, पटना द्वारा महत्त्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। बिहार रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेन्टर, पटना द्वारा राज्य के सभी 38 जिलों में वन एवं वृक्षों से आच्छादित क्षेत्रों का मानचित्र एवं आंकड़े को उपलब्ध कराये जाने की योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त उपयोग–अनुपयोग भूमि, वेस्ट लैंड, ईंट भट्ठा, खनीज पदार्थ, मत्स्य संसाधन इत्यादि के विस्तृत सर्वेक्षन तथा पराली जलने की सतत निगरानी का कार्य बिहार रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर, पटना द्वारा किया जा रहा है। तारामंडल पटना के प्रोजेक्शन सिस्टम के आधुनिकरण एवं उन्नयन किया जा रहा है। | आम जनता एवं छात्र / छात्राएँ | परियोजना निदेशक, बी०सी०एस०टी० |
| 06. | राज्य प्रावैधिकी शिक्षा पर्षद | राज्य के सभी पोलिटेकनिक संस्थानों में डिप्लोमा परीक्षा बोर्ड द्वारा सम्पन्न कराया जाता है तथा उतीर्ण छात्रों को डिप्लोमा प्रदान किया जाता है। | पोलिटेकनिक में पढ़ने वाले छात्र / छात्राएँ | पोलिटेकनिक संस्थान के प्राचार्य सचिव, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद |